# ट्रेड शो में 10 हजार करोड़ रुपये का कारोबार

## प्रदेश के उद्यमियों को अमेरिका और यूरोप के देशों के अलावा भूटान, श्रीलंका व दुबई से मिले बड़े ऑर्डर

ग्रेटर नोएडा। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो पांच दिन प्रदेश के आर्थिक विकास के लिए अहम साबित हुए हैं। व्यापार मेला प्रदेश के व्यापारियों और एमएसएमई इकाइयों के लिए लिए सुनहरा अवसर साबित हुआ। ट्रेड शो में पांच दिनों में 10 हजार करोड़ रुपये का कारोबार हुआ। मेले में सबसे ज्यादा वन डिस्ट्रिक वन प्रोडक्ट मांग रही।

व्यापार मेले में प्रदेश के अलग-अलग जिलों से आए छोटे उद्यमियों को हजारों करोड़ के ऑर्डर के करार किए हैं। इनमें से कई करार फिलहाल प्राथमिक स्तर पर हैं जो आने वाले कुछ दिनों में फाइनल हो जाएंगे। खास बात यह है कि छोटे उद्यमियों को इस बार अमेरिका और यूरोप के देशों के साथ भूटान , श्रीलंका और दुबई से भी बड़े ऑर्डर प्राप्त हुए हैं। कारोबारियों ने बताया कि पिछली बार की तुलना में इस बार मेले में दोगुने से ज्यादा ऑर्डर मिले हैं।



एमएसएमई मंत्री ने अंतिम दिन सर्वश्रेष्ठ स्टॉल को सम्मानित किया। सूचना विभाग

### ओडीओपी उत्पादों की सबसे ज्यादा मांग

- व्यापार मेले में वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के तहत पेश किए उत्पादों की मांग सबसे ज्यादा रही। काला नमक चावल से लेकर सहारनपुर के वुडकार्विंग उत्पादों के लिए वैश्विक मंच मिले।

### स्टार्टअप उद्यमियों ने भी किए कारोबारी करार

- व्यापार मेले में कई स्टार्टअप्स को करोड़ों के ऑर्डर मिले हैं। रविवार को उद्यमी कारोबारी ऑर्डर की बुकिंग और स्टाल पर जुटी खरीदारों को समझाने में व्यस्त रहे।

## अब जिला और मंडल स्तर पर भी ट्रेड शो आयोजित कराएगी योगी सरकार

लखनऊ। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2024 रविवार को संपन्न हो गया। योगी सरकार अब मंडल और जिला स्तर पर भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने पर विचार कर रही है। वहीं, अगले वर्ष एक बार फिर 25 से 29 सितंबर को इसके तीसरे संस्करण का आयोजन किया जाएगा।

पांच दिनों तक यूपी के उद्यमियों के इस महाकुंभ में रिकॉर्ड साढ़े पांच लाख से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया। बीटूबी और बीटूसी के माध्यम से ही 2.60 लाख से ज्यादा विजिटर शामिल हुए। ट्रेड शो के पहले संस्करण में 3 लाख लोगों ने विजिट किया था। देशी और विदेशी बायर्स से मिले करोड़ों के ऑर्डर और बिक्री ने प्रदेश सरकार और उद्यमियों दोनों का उत्साह बढ़ाया।

ट्रेड शो के समापन अवसर पर प्रदेश सरकार के एमएसएमई, खादी एवं ग्रामोद्योग, हैंडलूम व टेक्सटाइल मंत्री राकेश सचान ने विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार जीतने वाली कंपनियों के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया।

सचान ने कहा कि मंडल और जिला स्तर पर भी ऐसे आयोजन होने से छोटा कारोबार करने वालों को भी बड़ा बाजार मिलने लगेगा। सीएम योगी के नेतृत्व में ट्रेड शो के इस दूसरे संस्करण ने नए आयाम स्थापित किए हैं। बड़ी संख्या में आए विजिटर दिखाते हैं कि यह ट्रेड शो न केवल भारत, बल्कि विश्व स्तर पर भी छाप छोड़ रहा है। ब्यूरो

### सर्वश्रेष्ठ स्टॉल पुरस्कृत

ट्रेड शो में अंतिम दिन प्रत्येक हॉल में सर्वश्रेष्ठ स्टॉल को पुरस्कृत किए गए। इसमें अमेजन क्राफ्ट (संभल), मुगल ओवरसीज (मुरादाबाद), आरोग्य (गौतमबुद्ध नगर) और कई अन्य शामिल रहे। इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट के अध्यक्ष राकेश कुमार ने इवेंट को सफल बनाने में शामिल सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

खास बात यह है कि छोटे उद्यमियों को इस बार अमेरिका व यूरोप के देशों के साथ भूटान, श्रीलंका और दुबई से भी बड़े ऑर्डर प्राप्त हुए हैं। कारोबारियों ने बताया कि पिछली बार की तुलना में इस बार मेले में दोगुने से ज्यादा ऑर्डर मिले हैं।

फिरोजाबाद के ग्लास वेयर उद्यमी प्रतीश कुमार ने बताया कि इस बार बंपर ऑर्डर मिले हैं। उन्होंने कहा कि मिले ऑर्डर इकाई की उत्पादन क्षमता से कहीं ज्यादा हैं। फिलहाल वह अपने ऑर्डर को समय से पूरा करने की प्लानिंग में जुट गए हैं। लखनऊ से बाहर पहली बार ट्रेड शो में आई पल्लवी शर्मा ने बताया कि देश के विभिन्न शहरों के कारोबारियों ने उनके बिजनेस में दिलचस्पी दिखाई है। उन्हें भूटान, श्रीलंका, दुबई से ऑर्डर मिले हैं।

बनारस गुलाबी मीनाकारी को इस बार पांच करोड़ का ऑर्डर मिला है। कारोबारी रोशन विश्वकर्मा ने बताया पांच दिन में उन्हें पांच करोड़ के ऑर्डर मिल चुके हैं।